NNS
Media Group Since 1950
प्रकाशन
बदलते भारत की सभ्य तस्वीर
हिन्दी दैनिक
मेरी दिल्ली
Tel. : 011-46867500 www.nnsmediagroup.com

# ताशी ग्रुप द्वारा गुड़गांव के सेक्टर-111 में 'कैपिटल गेटवे' ग्रुप हाउसिंग परियोजना की पेशकश

**नई दिल्ली, गुड़गांव ( वि. )।** ताशी ग्रुप, रीयल एस्टेट सेक्टर में सबसे पसंदीदा नामों में से एक तथा अपनी पारदर्शिता, ईमानदारी और एकीकरण के लिए प्रसिद्ध कंपनी द्वारा हाल ही में अपनी मौजूदा ग्रुप हाउसिंग परियोजना 'कैपिटल गेटवे' की पेशकश की गई है। यह परियोजना गुड़गांव के सैक्टर-111 में है जोकि 10.46 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। शानदार परिवेश में स्थित कैपिटल गेटवे खूबसूरती से तैयार बहुमंजिला इमारतों में 2, 3, 4 और 5 बीएचके के लग्जरी अपार्टमेंट की पेशकश करता है। सर्वश्रेष्ठ से प्रेरित ग्रुप हाउसिंग द्वारा शानदार सुविधाओं, मनोरंजक गतिविधियों, उत्कृष्ट आवासीय विकल्पों और बेहतरीन निजता की पेशकश की गई है।

दिल्ली के पास स्थित 'कैपिटल गेटवे' गुड़गांव में सबसे सुविधाजनक स्थानों में स्थित है। द्वारका से सटे कैपिटल गेटवे से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और डिप्लोमेटिक एनक्लेव पांच मिनट में पहुंचा जा सकता है। एनएच-8 से 10 मिनट की दूरी पर स्थित कैपिटल गेटवे आपको अद्भुत सुविधा की पेशकश करेगा।



आठ लेन और 150 मीटर चौड़े द्वारका एक्सप्रेस-वे, गोल्फ कोर्स रोड और मेट्रो स्टेशन सभी 1 किलोमीटर की दूरी पर हैं। यह रीटेल, शॉपिंग सेंटर्स और स्कूलों, रेलवे स्टेशनों एवं अस्पतालों जैसी आवश्यक सुविधाओं के बहुत नजदीक है। कैपिटल गेटवे आपको कार्य एवं जिंदगी के बीच उचित संतुलन प्रदान करेगा। यही नहीं, यहां एंटरटेनमेंट पार्क 'अप्पू घर' और भव्य गोल्फ कोर्स के लिए प्रस्तावित योजना है। यह परियोजना से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही है।

इस अनूठी ग्रुप हाउसिंग परियोजना को आधारभूत ढांचे में नवीनतम सुविधाओं के साथ डिजाइन एवं सुसज्जित किया गया है। इसमें केन्द्रीकृत सुरक्षा तंत्र, विशिष्ट अत्याधुनिक क्लब हाउस, इंडोर स्पोर्ट्स गतिविधियां, आउटडोर खेल गतिविधियां, रोजमर्रा की जरूरतों के लिए स्टोर और हाई स्पीड एलीवेटर्स, फुल पॉवर बैकअप, पर्याप्त कवर्ड कार पार्किंग इत्यादि जैसी अन्य खूबियां भी मौजूद हैं।

## ताशी ग्रुप:परिचय

ताशी ग्रुप की स्थापना 2004 में की गई और इसका मुख्यालय दिल्ली में है। ताशी ग्रुप उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में रणनीतिक रूप से स्थित जमीन के विकास पर केन्द्रित दृष्टिकोण के लिए विख्यात है। नवोन्मेषी एवं गुणवत्तापूर्ण रीयल एस्टेट समाधान प्रदान करने के दृष्टिकोण के साथ ग्रुप ने पूरे भारत में 400 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया है। कंपनी गुड़गांव में अतिरिक्त 200 एकड़ भूमि खरीदने की प्रक्रिया में है। ग्रुप द्वारा गुणवत्तापूर्ण रीयल एस्टेट परियोजनाओं पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाता है। वर्तमान में हम देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मुख्य स्थानों पर लगभग 11 मिलियन वर्गफीट आवासीय और कार्यालय क्षेत्र के विकास का प्रबंधन कर रहे हैं। विगत 10 वर्षों से ग्रुप का रीयल एस्टेट, मनोरंजन उद्योग, आतिथ्य सत्कार, केयर होम और नर्सिंग होम में कारोबारी दखल रहा है। हमारे द्वारा भारत में कुछ रीयल एस्टेट परियोजनाओं का क्रियान्वयन और अनेकों आगामी टेलीविजन धारावाहिकों का निर्माण किया जा रहा है। ग्रुप का देश में रीयल एस्टेट परियोजनाएं प्राप्त करने का शानदार रिकॉर्ड रहा है, अब ये विकास की अवस्था में हैं। ताशी ग्रुप को अपनी सुदृढ़ प्रबंधन टीम पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमने देश के विभिन्न हिस्सों में विस्तार के लिए आक्रामक लक्ष्य तय किए हैं।